कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

<u>प्रेस विज्ञप्ति / सूचना</u>

कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान के निदेशक / प्राचार्यो एवं विद्यार्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि स्नातक / स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर की मुख्य एवं एक्स स्टूडेन्ट की परीक्षा का अनंतिम परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा आधिकारिक वैबसाईट (www.kunainital.ac.in) पर अपलोड कर दिया गया था। **<u>तदक्रम में चुनाव आयोग, जिला प्रशासन एवं लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत निर्गत दिशानिर्देशों के अनुसार एम0बी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी केन्द्र को दिनांक 31 मई 2024 तक परीक्षाऐं आयोजित किये जाने की अनुमति के क्रम में स्नातक / स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर 2024 की (मुख्य एवं एक्स स्टूडेन्ट) की परीक्षा का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट (www.kunainital.ac.in) पर अपलोड कर दिया गया है। उक्त परीक्षाएँ दिनांक 02 मई 2024 से मई 2024 अन्तिम सप्ताह तक सम्पादित कराई जायेगी।</u>**

उपरोक्तानुसार स्नातक / स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर 2024 की (मुख्य एवं एक्स स्टूडेन्ट) परीक्षाओं हेतु परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा किये जाने की तिथि को दिनांक 30 अप्रैल 2024 तक विस्तारित किया जाता है।

अतः सन्दर्भित पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि दिनांक 30 अप्रैल 2024 तक परीक्षा आवेदन पत्र व शुल्क जमा किया जाना व विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट (www.kunainital.ac.in) पर अपलोड संशोधित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित दिनांक एवं समय पर परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः केयू / गोपनीय / 2024 / 185 — तद्दिनांकः 27–04–2024

प्रतिलिपि–

1– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांक 28–04–2024 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें–

- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिंट, नैनीताल।
- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।

2– समस्त निदेशक, प्राचार्य सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि परिसर / महाविद्यालय / संस्थान स्तर पर सन्दर्भित विद्यार्थियों को उक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करेंगे।

3– कुलसचिव कु0वि0वि0 नैनीताल।

4– सहा0 कुलसचिव, गोपनीय / परीक्षा, कु0वि0वि0 नैनीताल।

5– मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, गोपनीय / परीक्षा अनुभाग।

6– सम्बद्ध ऐजेन्सी कु0वि0वि0 नैनीताल।

7– ई0आर0पी प्रभारी, कु0वि0वि0 नैनीताल को वैबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।

8– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक